दिन– गुरूवार दिनांक– 03 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने रक्सौल–हल्दिया सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे मार्ग रेखा को दी स्वीकृति। मोतिहारी, शिवहर, दरभंगा, जमुई और बांका समेत प्रदेश के बारह जिलों से गुजरेगा एक्सप्रेस–वे।

02 राज्य के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में अब बिहार के मूल निवासी ही लिपिक होंगे।

03. निगरानी की टीम ने मधुबनी के रहिका प्रखंड के अंचलाधिकारी अभय कुमार और नाजिर आदित्य कुमार ठाकुर को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

04. और, नेपाल तथा पड़ोसी राज्यों में हो रही लगातार बारिश के कारण गंगा, गंडक, कोसी और बागमती समेत अन्य नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही है बढ़ोतरी।

——————————————————————

केन्द्र सरकार ने रक्सौल–हल्दिया सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे मार्ग रेखा को स्वीकृति दे दी है। केन्द्रीय सड़क और परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की मंजूरी के बाद ये एक्सप्रेस–वे निर्माण से प्रदेश के बारह जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। ये एक्सप्रेस–वे मोतिहारी, शिवहर, दरभंगा, जमुई और बांका समेत प्रदेश के बारह जिलों से गुजरेगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इस सड़क की लम्बाई पांच सौ पचासी किलोमीटर से अधिक है। इसके निर्माण पर पैंतीस हजार आठ सौ सत्रह करोड़ रूपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से भारत –नेपाल के साथ ही बिहार का झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच सम्पर्क सुगम होगा और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

——————————————————————

प्रदेश में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान जारी है। यह अभियान छब्बीस जुलाई तक चलेगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन एक अगस्त को होगा। इस सूची पर एक अगस्त से एक सितम्बर तक दावे और आपत्ति दर्ज करवाए जा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को होगा। इस अभियान का उद्देश्य त्रुटिहीन मतदाता सूची बनाना है। इधर, निर्वाचन आयोग ने कहा है कि गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र भरा जा सकता है। लोग आयोग

की वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन और ईसीआई नेट ऐप से फार्म डाउनलोड कर स्वप्रमाणित दस्तावेज के साथ अपलोड कर सकते हैं।

————————————————————————

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े कर्मियों के तबादले पर रोक लगा दी है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। इधर, प्रदेश के बारह मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने बूथ लेवल एजेंट– बीएलए की संख्या बढ़ाई है। इन दलों ने सत्रह हजार नौ सौ पैंतालीस नये बीएलए की नियुक्ति की है।

————————————————————————

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य में चल रहें विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन के प्रतिनिधि मंडल ने कल नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। इस समूह में कांग्रेस, राजद, माकपा, भाकपा, सपा सहित अन्य सहयोगी दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि मुलाकात के दौरान चुनाव आयुक्त से इस पुनरीक्षण कार्य को रोकने की मांग की गयी है।

————————————————————————

विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सभी जिलाधिकारी नौ और दस जुलाई को अपने क्षेत्र के सांसद, विधायक और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में बूथ पुनर्गठन और मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर विशेष चर्चा होगी।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पर चल रही उस खबर का खंडन किया है जिसमें बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की गयी है। आयोग ने कहा है कि चुनाव के तारीखों से जुड़ी खबरें पूरी तरह से भ्रामक और असत्य है। आयोग के अनुसार आधिकारिक घोषणा के बिना किसी भी तारीख या चरणों की जानकारी का प्रचार करना गैर कानूनी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने लोगों से आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करने और संदिग्ध सूचनाओं को साझा नहीं करने की अपील की है।

————————————————————————

संसद का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से आयोजित होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस संबंध में केन्द्र सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सत्र इक्कीस अगस्त तक चलेगा। सोशल मीडिया

पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर तेरह और चौदह अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी।

———————————————————————

प्रदेश के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में अब बिहार के मूल निवासी ही लिपिक होंगे। शिक्षा विभाग ने लिपिकों की नियुक्ति के लिए बिहार राज्य विद्यालय लिपिक सम्वर्ग के गठन की नियमावली अधिसूचित कर दी है। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने कहा कि सीधी भर्ती के लिए देश के वे नागरिक पात्र माने जायेंगे जो बिहार के मूल निवासी होंगे। उन्होंने कहा कि स्कूलों में लिपिक के लिए सात हजार पांच सौ तिरानवे पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कर्मचारियों की प्रोन्नति के लिए निर्धारित न्यूनतम सेवा अवधि में कटौती की है। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि वेतन स्तर चार–पांच में प्रोन्नति के लिए न्यूनतम सेवा अवधि में दो साल, वेतन स्तर पांच–छह के लिए तीन साल जबकि वेतन स्तर छह–सात के लिए एक साल की कमी की गयी है। विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट की घटना में बिहार के मृतकों संख्या बढ़ कर पांच हो गयी है। तेलंगाना सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकार को सूचना दी है। इधर, इस विस्फोट में बिहार के श्रमिकों की मृत्यु और घायल होने की घटना को लेकर बिहार सरकार ने तीन सदस्यी जांच कमिटी गठित की है। यह टीम घटना स्थल पर जाकर विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

———————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में वर्मी कम्पोस्ट और बायोगैस इकाई की स्थापना की जायेगी। इसके लिए किसानों को पचहत्तर घन फीट क्षमता के पक्के वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन इकाई की स्थापना पर लागत मूल्य का पचास प्रतिशत या अधिकतम पांच हजार रूपये का अनुदान दिया जायेगा। किसान और पशु पालकों को अधिकतम तीन इकाईयों का अनुदान मिलेगा।

———————————————————————

निगरानी विभग की टीम ने मधुबनी के रहिका प्रखंड के अंचलाधिकारी अभय कुमार और नाजिर आदित्य कुमार ठाकुर को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी के पुलिस उपाधीक्षक राजन प्रसाद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सीओ

द्वारा शिकायतकर्ता से जमीन रजिस्ट्री से रोक हटाने की रिपोर्ट निबंधन कार्यालय भेजने के एवज में एक लाख रूपये की मांग की गई थी।

———बाईट———

दोनों गिरफ्तार कर्मचारियों को आज मुजफ्फरपुर निगरानी कोर्ट में पेश किया जायेगा।

————————————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने आज कैमूर, रोहतास, गया, कटिहार और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतम स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। रोहतास जिले के तिलौथू में सबसे अधिक अड़तालीस दशमवल आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

————————————————————————————————

नेपाल और पड़ोसी राज्यों में हो रही लगातार बारिश के कारण गंगा, गंडक, कोसी और बागमती समेत अन्य नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। वहीं, कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर बह रही है। गंडक नदी के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। गंगा नदी के जलस्तर में पटना के गांधी घाट में तीस सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है।

————————————————————————————————

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए तीन सदस्यीय कमिटी का गठन किया है। राजभवन की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी है। इसके अनुसार कमिटी में जे.पी. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार वाजपेयी, पूर्णियां विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विवेकानंद सिंह और पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार सिंह शामिल हैं। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने बताया कि यह कमिटी विश्वविद्यालयों की समस्याओं का आकलन कर उनके निराकरण के लिए पन्द्रह दिनों के भीतर शिक्षा विभाग को रिपोर्ट सौंपेगी।

———————————————————————————

श्री अमरनाथ जी की अड़तीस दिनों की वार्षिक यात्रा आज सुबह दोनों मार्गों दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालतल मार्ग से शुरू हो गई। प्रशासन ने आज तड़के यात्रियों को पवित्र गुफा के लिए दोनों मार्गों से जाने की अनुमति दी।

———————————————————————————

आईपीएस अधिकारी बाबू राम को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सीआईएसएफ का पुलिस उपमहानिरीक्षक, डीआईजी बनाया गया है। बाबू राम बिहार कैडर के दो हजार नौ बैच के अधिकारी हैं।

———————————————————————————

विशेष कार्य बल एसटीएफ की टीम ने लखीसराय जिले के चानन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोबरदाहा कोड़ासी से वर्षों से फरार चल रही वांछित महिला नक्सली रुबी देवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य सहयोगियों की भी जानकारी जुटा रही है।

———————————————————————————

कटिहार में लॉरेंस विश्नोई के नाम पर अपराधियों के द्वारा एक व्यवसायी से रंगदारी की मांग करने के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने भ्रष्टाचार के आरोप में जिला परिवहन कार्यालय के तीन सरकारी पदाधिकारी और कर्मियों तथा चार दलालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

———————————————————————————

जिले के बेतिया समहरणालय सभागार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरूपम चाकमा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के समग्र विकास के लिये विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान अखबार की विशेष खबर है– राज्य सरकार कर्मियों और पेंशनधारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देगी।

दैनिक जागरण ने मतदाता सूची पुनरीक्षक से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– विपक्षी दलों ने कहा, मतदाता सूची के सत्यापन का जो काम बाईस वर्षों से नहीं हुआ, अब क्यों। प्रभात खबर ने इसी खबर को अपनी लीड बनाते हुये चुनाव आयोग के हवाले से लिखा है– पारदर्शी और निष्पक्ष रहेगी पूरी प्रक्रिया।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– आरकॉम का इकतीस हजार पांच सौ अस्सी करोड़ रूपये का लोन फ्रॉड घोषित।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने रक्सौल–हल्दिया सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे मार्ग रेखा को दी स्वीकृति। मोतिहारी, शिवहर, दरभंगा, जमुई और बांका समेत प्रदेश के बारह जिलों से गुजरेगा एक्सप्रेस–वे।

02 राज्य के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में अब बिहार के मूल निवासी ही लिपिक होंगे।

03. निगरानी की टीम ने मधुबनी के रहिका प्रखंड के अंचलाधिकारी अभय कुमार और नाजिर आदित्य कुमार ठाकुर को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

04. और, नेपाल तथा पड़ोसी राज्यों में हो रही लगातार बारिश के कारण गंगा, गंडक, कोसी और बागमती समेत अन्य नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही है बढ़ोतरी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।